हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

28 अगस्त 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. प्रधानमंत्री जन धन योजना ने 12 वर्ष पूरे किए, योजना के तहत अब तक 59 करोड़ से अधिक खाते खोले गए।

2. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्खड़ पुन्निया के मौके पर अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब में नतमस्तक हुए और लंगर हॉल में सेवा की।

3. केन्द्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने बाबा बकाला साहिब में दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने पर पंजाब की तस्वीर और तकदीर बदलेंगी।

4. भाजपा नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास किया जाएगा।

5. हरियाणा में आज रक्षाबंधन का त्योहार पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। जेलों मे भी बहनों ने भाइयों को राखी बांधी।

---

प्रधानमंत्री जन धन योजना के 12 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में आज ही के दिन की थी।

प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत अब तक 59 करोड़ से अधिक खाता खोले जा चुके हैं जिनमें कुल तीन लाख 17 हजार करोड रुपए की जमा राशि है। दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल के रूप में यह योजना सभी भारतीयों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को लगातार नए आयाम दे रही है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गए 78 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में है जबकि लगभग 56 प्रतिशत खाता धारक महिलाएं हैं। जनधन खाताधारकों 41 करोड़ से अधिक रूपये कार्ड जारी किए जा चुके हैं। प्रति खाते औसत जमा राशि 5 हजार 356 रुपये है। इस योजना ने लाखों लोगों विशेष रूप से वंचित वर्गों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके उनके सामाजिक–आर्थिक हालात को बेहतर बनाया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना जैसी पहलों के कारण भारत का वित्तीय समावेशन सूचकांक इस साल 67 हो गया है, जो 2018 में 53 दशमलव 9 था।

---

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्खड़ पुन्निया के मौके पर अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब  में माथा टेका और लंगर हॉल में सेवा की।

मीडिया से बातचीत में श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पंजाब की इस पवित्र धरती पर आने का मौका मिलना उनके  लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान वे किसानों से बातचीत करेंगे और बाद में रक्खड़ पुनिया से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बाबा बकाला साहिब जाएंगे।

एक सवाल के जवाब में श्री चौहान ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण की कोशिशों में बाधा डाल रही है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस से महिला आरक्षण से जुड़े उपायों का समर्थन करने का आग्रह किया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रखड़ पुन्निया मेले के दौरान बाबा बकाला साहिब में भारतीय जनता पार्टी के मंच से दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने पर पंजाब की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेंगी।

उन्होंने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर घेरते हुए प्रदेशवासियों से बदलाव के लिए भाजपा का साथ देने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीब परिवारों के पक्के मकान के लिए पैसा भेजती है, लेकिन पंजाब सरकार योजनाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंचाती। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर प्रदेश के हर जरूरतमंद परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

भाजपा नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी ने आज अमृतसर जिले के बाबा बकाला साहिब में  रखड़ पुन्निया मेले पर भारतीय जनता पार्टी के महासम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने मंच से दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने पर पंजाब के माझा क्षेत्र में सरहद से नशों और हथियारों की तस्करी को रोका जाएगा और सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास किया जाएगा।

उन्होंने पंजाब के माझा क्षेत्र को अध्यात्म, पराक्रम और किसानी की पहचान बताया ।

मुख्यमंत्री अपने संबोधन के दौरान आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमलावर रहे और उन पर वादे पूरे न करने का आरोप भी लगाया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा में आज रक्षाबंधन का त्योहार पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। बहनों ने भाइयों को राखी बांधी और उनकी लंबी आयु की कामना की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में संत कबीर कुटी पर स्कूली छात्राओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को स्नेह और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी भी उपस्थित रही।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

रक्षाबंधन के पर्व पर आज जींद जिला कारागार में बंद अपने भाइयों को उनकी बहनों ने राखी बांधी।जेल प्रशासन द्वारा बहनों के लिए कारागार परिसर के भीतर इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बहनों से राखी बंधवाने के बाद भाइयों ने भी अपनी गलतियों पर पश्चाताप जताते हुए जिंदगी भर अपनी बहनों के सम्मान और रक्षा का वचन दिया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

कैथल में भी रक्षाबंधन के अवसर पर जिला कारागार में भाइयों की कलाई पर राखी बांधने पहुंचीं बहनों ने भाइयों को राखी बांधकर उनके सुखद भविष्य की कामना की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें जेल परिसर में प्रवेश दिया गया। जेल प्रशासन की ओर से परिसर में ही राखी, रक्षासूत्र, तिलक और मिठाई की व्यवस्था की गई। प्रशासन के अनुसार करीब 717 बंदियों को उनकी बहनों, महिला परिजनों और बच्चों ने राखी बांधी।

इसी तरह पानीपत के जिला कारागार में भी बहनों ने अपने कैदी और बंदी भाइयों को राखी बांधी।

-----------------------------------------------------------------------------------------------